संख्या- 3/1134 /63-व0उ0-2014-75(एच)/91

प्रेषक,

जितेन्द्र कुमार
प्रमुख सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग
उ0प्र0 कानपुर।

हथकरघा वस्त्रोद्योग अनुभाग लखनऊ दिनांक 02 सितम्बर, 2014

विषय:- हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित करने हेतु जनेश्वर मिश्र राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना हेतु वर्ष 2014-15 की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-121/ह0क0/वित्त-बजट/201-15 दिनांक23.06;14 के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय के अन्तर्गत 2014-15 के आय-व्ययक के आयोजनेत्तर पक्ष में हथ्करघा बुनकरों को प्रोत्साहित करने हेतु जनेश्वर मिश्र राज्य हथकरघा पुरस्कार हेतु प्राविधानित धनराशि रू0 9,50,000.00 (रूपये नौ लाख, पचास हजार मात्र) को आपके निस्तारण पर रखते हुए व्यय करने की स्वीकृति श्री राज्यपाल प्रदान करते हैं।

2- उक्त व्यय वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक 22.07.2014 में वर्णित निर्देशों को ध्यान में रखते हुए किये जायेंगे।

3- उक्त व्यय अनुदान संख्या-6 के लेखाशीर्षक -2851 ग्राम तथा लघु उद्योग-आयोजनेत्तर-103 हथ्करघा उद्योग-04-हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित करने हेतु जनेश्वर मिश्र राज्य हथकरघा पुरस्कार-42 अन्य व्यय के नामें डाला जायेगा।

भवदीय

(जितेन्द्र कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या- 1134 (1)/63-व0उ0-2014-75(एच)/91तद् दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।
3- वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-6/वित्त(बजट) अनुभाग-1
4- गार्ड पत्रावली।

आज्ञा से

(राज बहादुर)

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in